


उत्तर मध्य रेलवे

# प्रत्यूष

फरवरी - मार्च 2025
104वाँ अंक

## रेल मंत्री द्वारा महाकुंभ उपरांत प्रयागराज में रेलकर्मियों को धन्यवाद एवं उत्साहवर्धन



दिनांक 27, फरवरी, 2025 को केंद्रीय मंत्री रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, श्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुम्भ-2025 के आयोजन के उपरांत प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों का दौरा किया। केंद्रीय रेल मंत्री ने दौरे की शुरुआत प्रयागराज जंक्शन के यात्री आश्रय संख्या-3 के निकट स्थित मेडिकल ऑब्जर्वेशन कक्ष के निरीक्षण से की। तत्पश्चात यात्री आश्रय संख्या-3 में प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री ने महाकुम्भ-2025 में आए श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए रेल कर्मचारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

केंद्रीय रेल मंत्री ने रेल कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि स्टेशन पर सभी विभागों के कर्मचारियों ने एकजुट दिन-रात कार्य करके महाकुंभ-2025 के आयोजन को सफल बनाया। महाकुंभ-2025 में अलग-अलग राज्यों और अलग-अलग क्षेत्रीय रेलवे से आए कर्मचारियों ने प्रयागराज के 9 स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के लिए सेवभाव से कार्य किया, इस सफल आयोजन के लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

केंद्रीय रेल मंत्री ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ-2025 के दौरान 16000 से अधिक ट्रेनें चलायी गयीं जो अपने आप में एक नया कीर्तिमान है।

महाकुंभ -2025 में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान और दर्शन किया। इस विशाल आयोजन में देश और विदेश के लगभग 4.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने भारतीय रेलवे से यात्रा की। महाकुंभ -2025 का आयोजन देश की एकता का परिचायक बना, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।

केंद्रीय रेल मंत्री ने स्टेशन निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधा, आपातकालीन चिकित्सा तथा आकस्मिक सेवा, स्वच्छता, यात्री सुरक्षा के कार्य करने वाले वाणिज्य, सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा, विद्युत, परिचालन सहित सभी विभागों के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और उनके कार्य की सराहना की। केंद्रीय रेल मंत्री ने रैपिड एक्शन टीम एवं क्विक रेस्पांस टीम और फायर फाइटिंग टीम के कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कार्य की प्रशंसा की।

निरीक्षण के अगले क्रम में केंद्रीय रेल मंत्री ने क्रू लॉबी का निरीक्षण किया, प्लेटफ़ॉर्म संख्या-1 पर ट्रेन में यात्रियों से रेल की सेवाओं पर उनके अनुभव को पूछा तत्पश्चात मेला टॉवर का निरीक्षण किया।

केंद्रीय रेल मंत्री ने दौरे के अगले क्रम में प्रयाग जंक्शन स्टेशन का दौरा किया। तत्पश्चात प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन में सहायक वाराणसी मंडल के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार,महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल श्री मनोज यादव, महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक/पूर्वोत्तर रेलवे, सुश्री सौम्या माथुर, महाप्रबंधक/उत्तर रेलवे, श्री अशोक वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक, श्री हिमांशु बडोनी, मंडल रेल प्रबंधक श्री एस.एम. शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के अगले क्रम में केंद्रीय रेल मंत्री ने सूबेदारगंज स्थित शहीद ज्ञान चंद आरपीएफ बैरक का भी निरीक्षण किया।



## रेल मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश की रेल की विभिन्न परियोजनों हेतु आवंटित बजट हिस्सेदारी पर प्रेस वार्ता आयोजित




इस वर्ष के पारित बजट के मद्देनजर केंद्रीय रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर प्रदेश में संचालित किए जा रहे रेलवे के विभिन्न परियोजनाओं हेतु आवंटित बजट हिस्सेदारी पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि इस साल के रेलवे बजट का कुल उत्तर प्रदेश रेलवे के लिए 19858 करोड़ रुपए बजट में आवंटित किया गया है। यह उत्तर प्रदेश के रेलवे के कायाकल्प के लिए रामबाण साबित होगा।

गौरतलब है कि 1 फरवरी को पारित बजट में रेलवे के लिए आवंटित मौद्रिक राशि तथा विभिन्न परियोजनाओं के सिलसिले में केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश में रेलवे द्वारा जितनी भी योजनाएं, परियोजनाएं संचालित हो रही हैं उनके वर्तमान विकास की अवस्था एवं भविष्य की रूपरेखा पर पत्रकार बंधुओ से परिचर्चा की। उन्होंने कहा कि मौजूदा मोदी सरकार ने विगत 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश में रेलवे का पूर्व की सरकारों से 18 गुना ज्यादा बजट आवंटन किया है। इनमें विभिन्न परियोजनाएं, नए स्टेशन, नए-नए ट्रैक, ट्रैकों का मल्टी ट्रैकिंग इत्यादि समाहित है। उन्होंने यूपी रेलवे के विकास का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज 5200 किलोमीटर ट्रैक बिछाए गए हैं। निश्चित तौर पर यह उत्तर प्रदेश के रेलवे के लिए बेहद गौरव का विषय है। आगे उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूरे उत्तर प्रदेश में 104000 करोड़ का निवेश होगा। जिसमें कई सारे प्रोजेक्ट होंगे। मसलन, अमृत स्टेशन बनाए जाएंगे, रेलवे ट्रैक बिछाए जाएंगे। उन्होंने द्रुत गामी वंदे भारत ट्रेनों के बारे में बात करते हुए बताया कि 14 वंदे भारत ट्रेन इस समय उत्तर प्रदेश से संचालित हो रही हैं। जिसमें तकरीबन 20 जनपद कवर होते हैं। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश में सारे रेलवे को कवच प्रणाली से जोड़ दिया जाएगा। जिससे भविष्य में कोई भी रेलवे दुर्घटना ना हो सके। स्थानीय स्तर पर रेल बजट की विस्तृत जानकारी महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने प्रदान की।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित




मुख्यालय में महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने कहा कि सरकारी कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना हमारे प्रशासनिक दायित्व का अभिन्न अंग है। उत्तर मध्य रेलवे इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जब हमारी रेलवे ने महाकुंभ के दौरान विभिन्न प्रांतीय भाषाओं में श्रद्धालुओं को सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई और हमारे स्टेशनों और रेल परिसर में देश के भाषाई संगम और विविधता में एकता की संकल्पना का मूर्त रूप देखने को मिला। उन्होंने हाल ही में रेलवे बोर्ड में आयोजित कार्यक्रम में राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वोत्तम कारखाना की शील्ड प्राप्त करने के लिए रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली और रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किए गए मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक श्री राजेश कुमार तथा मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन श्री मुदित चंद्रा को बधाई दी।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री जोशी ने मुख्यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के चिकित्सा विभाग विशेषांक का विमोचन किया।

बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री जे. एस. लाकरा और सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कार्मिक विभाग के कर्मचारी पुरस्कृत



कार्मिक विभाग, में दिनाँक 07 फरवरी 2025 को मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी की उपस्थिति में जनवरी-फरवरी-2025 माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार श्री सोनू वरिष्ठ लिपिक/समापन अनुभाग एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग का पुरस्कार राजपत्रित गोपनीय अनुभाग को प्रदान किया गया। इस दौरान कार्मिक विभाग, मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## छत्रपति शिवाजी जयंती आयोजित



दिनांक 19.02.2025 को प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनिमेष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में छत्रपति शिवाजी जयंती मनाई गई। शिवाजी जयंती के अवसर पर श्री अनिमेष कुमार सिन्हा ने शिवाजी महाराज के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया एवं पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात सभी अधिकारियों की तरफ से वृक्षारोपण किया गया। अंत में प्रमुख यांत्रिक इंजीनियर की तरफ से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।


*''पवित्रता के बिना एकाग्रता का कोई मूल्य नहीं है।'' - स्वामी शिवानन्द*

## महाकुंभ-2025 की समीक्षा एवं एक्पीरियंस शेयरिंग बैठक आयोजित



दिनांक 03 मार्च 2025 को महाप्रबंधक श्री उपेंद्र चंद्र जोशी की अध्यक्षता में महाकुंभ 2025 के समापन के उपरांत एक समीक्षा एवं एक्स्पीरियंस शेयरिंग बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अपने अध्यक्षीय संबोधन में महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय एवं प्रयागराज मंडल के सभी अधिकारियों और उनकी संबद्ध टीमों को इस महान आयोजन की सफलता में उनके योगदान के लिए बधाई दी और कहा कि यह आयोजन और इसका विस्तार हमारी अतुलनीय क्षमता का द्योतक है। उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने अन्य रेलवे के सहयोग से ना केवल बड़ी संख्या में विशेष और नियमित ट्रेनों का संचालन किया बल्कि भीड़ प्रबंधन को भी पूर्णतः त्रुटि रहित तरीके से किया। उन्होंने नियमित एवं विशेष गाड़ियों का सुचारु संचालन के लिए सबंधित विभागों विशेष रूप से परिचालन, बिजली यांत्रिक और वाणिज्य की सराहना की बल्कि बहुत ही अच्छे अनुरक्षण के लिए संकेत एवं दूर संचार एवं सिविल इंजीनियरिंग को भी बधाई दी। भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के सहयोग और आपसी समन्वय को भी उन्होंने सराहा। इसी क्रम में उन्होंने मीडिया प्रबंधन और समय से सूचना के प्रसारण की व्यवस्था के लिए जनसम्पर्क कर्मियों के प्रयासों को प्रभावी बताया। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड, अन्य ज़ोनों तथा सिविल प्रशासन के साथ अच्छे समन्वय को भी सफलता का आधार बताया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने अपने अपने अनुभव और क्या सीखा उसके बारे में बताया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष मंडल के सभी शाखा अधिकारीगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेल सुरक्षा बल कर्मी सम्मानित



दिनांक 28.02.2025 को श्री अमिय नन्दन सिन्हा, आईजी/आरपीएफ/ द्वारा आरपीएफ प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित सम्मान समारोह में महाकुंभ के दौरान किये गये कार्यों के लिए अपने जवानों व अधिकारियों के जज्बे व हौसले की प्रशंसा की। इस दौरान आईजी/आरपीएफ ने अपने सभी अधिकारियों व जवानों को व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अनुभवों को सुना व उनके द्वारा किये गये इस अतुलनीय व अभूतपूर्व सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक पदों के लिए पदोन्नत हुए 06 बल सदस्यों को रैंक प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अंतर रेलवे सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता आयोजित



दिनांक 04.03.2025 से 06.03.2025 तक अंतर रेलवे सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता - 2024 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 04 मार्च 2025 को मुख्य अतिथि श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर भारतीय रेल के 20 क्षेत्रीय रेलवे व इकाईयों के 258 प्रतिभागियों ने अपने-अपने नाटकों का मंचन किया। उक्त नाट्य प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 06.03.2025 का 'स्पंदन' रेल अधिकारी क्लब में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा विजेताओं को पुरस्कार एवं शील्ड/ट्रॉफी प्रदान की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक सहित अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, अध्यक्ष, उत्तर मध्य रेलवे सांस्कृतिक संगठन एवं सभी विभागाध्यक्ष, कार्मिक विभाग के सभी अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित



दिनांक 10.03.2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे मुख्यालय में कार्यरत महिला रेलकर्मियों हेतु महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वास्थ्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अपर्णा सक्सेना आहार विशेषज्ञ/केन्द्रीय रेलवे अस्पताल, प्रयागराज द्वारा व्याख्यान दिया गया। संगोष्ठी में डॉ.अपर्णा सक्सेना द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और उनके बचाव तथा निदान के बारे में उपस्थित महिला रेलकर्मियों को जागरूक किया गया। महिलाओं में होने वाली बीमारियों एवं खान-पान के प्रति महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी भी संगोष्ठी में बताई गयी। इस संगोष्ठी में उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय के सभी विभागों से महिला रेलकर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने हेतु कार्यशाला आयोजित



दिनांक 10.03.2025 को कार्यालयी विषयों तथा अन्य जरुरी विषयों पर मुख्यालय, उत्तर मध्य रेलवे में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका शुभारम्भ वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, श्री विनय कुमार गर्ग द्वारा कार्यशाला के व्याख्याता श्री हरि कृष्ण पूर्व प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला एवं अंतर्राष्ट्रीय लाइफ कोच को प्लान्टर भेंट कर किया गया।

कार्यशाला में प्रयागराज, झाँसी एवं आगरा मंडल के साथ-साथ मुख्यालय एवं वर्कशॉप के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यशाला के व्याख्याता श्री हरि कृष्ण ने सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के अद्यतन नियमों की बारीकियों तथा इनसे सम्बंधित न्यायालय द्वारा दिए गए विभिन्न निर्णयों से सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया।

*"पवित्रता के बिना एकाग्रता का कोई मूल्य नहीं है।" - स्वामी शिवानन्द*

## नए सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक का उद्घाटन



दिनांक 28.02.2025 को महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी एवं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे कल्याण संगठन श्रीमती चेतना जोशी द्वारा रेलगाँव कॉलोनी स्थित स्टेडियम में नई सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने फीता काट कर जॉगिंग ट्रैक का औपचारिक उदघाटन किया और सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ इस नवनिर्मित ट्रैक पर वॉक कर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के इस प्रयास को सराहा। इसके उपरांत श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी एवं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे कल्याण संगठन श्रीमती चेतना जोशी ने मुख्यालय के स्पंदन अधिकारी क्लब में नवनिर्मित आधुनिक जिम का भी उदघाटन किया ।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पुरस्कार समारोह आयोजित



दिनांक 20.03.2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय में विभिन्न पदों पर कार्यरत अराजपत्रित महिला रेलवे कर्मचारियों को जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देती हैं, उनके लिए पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन 'स्पंदन' रेलवे अधिकारी क्लब, सूबेदारगंज, प्रयागराज में किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी द्वारा इन सभी 23 उत्कृष्ट रेलवे महिला कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र एवं व्यक्तिगत उपहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन द्वारा पुरस्कृत महिला कर्मचारियों के लिए गेम प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया, जिसमें पुरस्कृत होने वाले महिला कर्मचरियों ने जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती ऋचा वर्मा सहित संगठन की अन्य सदस्यायें भी उपस्थित रहीं।

## रेल स्प्रिंग कारखाना को रेलमंत्री राजभाषा शील्ड एवं मुख्यालय के अधिकारियों को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक



संपूर्ण भारतीय रेल में राजभाषा हिंदी के सर्वोत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार के लिए रेलस्प्रिंग कारखाना, उत्तर मध्य रेलवे, सिथौली को प्रथम पुरस्कार स्वरूप रेल मंत्री राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त श्री मुदित चन्द्रा, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन तथा श्री राजेश कुमार, मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक को राजभाषा नीति के सुचारु कार्यान्वयन सुनिश्चित करने तथा सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का उत्कृष्ट और अनुकरणीय प्रयोग करने के लिए रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे को ये पुरस्कार रेल मंत्रालय में आयोजित राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड, श्री सतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

## उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में बजट एवं फंड एलोकेशन के नियम तथा एकीकृत पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना विषय पर कार्यशाला आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में कर्मचारियों को वित्त से सम्बंधित, बजट एवं एलोकेशन ऑफ़ फंड नियम तथा एकीकृत पेंशन योजना-2025 एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना के बारे में कर्मचारियों को जानकारी देने के लिए कार्यशाला का दिनांक 20 मार्च 2025 को आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रयागराज, झाँसी एवं आगरा मंडल के साथ-साथ मुख्यालय एवं वर्कशॉप के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के व्याख्याता श्री गौतम जैन ने कर्मचारियों को बजट से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी के साथ साथ बजट में आवंटित निधियों का उपयोग तथा इनसे सम्बंधित अद्यतन नियमों की बारीकियों से अवगत कराया। इसके अलावा राष्ट्रीय पेंशन योजना से शासित होने वाले कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना एकीकृत पेंशन योजना-2025 में स्विच ओवर करने पर होने वाले फायदे तथा नुकसान के संबंध में भी जानकारी दी गई ।

## संगम क्षेत्र में सफाई अभियान का आयोजन



विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर दिनांक 23 मार्च 2025 को उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन एवं पर्यावरण एवं गृह प्रबंधन अनुभाग, उत्तर मध्य रेलवे के तत्वावधान में संगम क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान इकट्ठा किए गए कचरे को रिसाइकल बैग में एकत्रित किया गया ।

श्रीमती चेतना जोशी ने स्नानर्थियों से घाट को स्वच्छ रखने, पानी में फूल, कपड़ा इत्यादि न फेकने की अपील भी की । इस दौरान पानी बचाओ गंगा बचाओ के नारे के साथ रैली का भी आयोजन किया गया तथा स्काउट एवं गाइड टीम को स्टील की थाली एवं कपड़े के थैले भी दिये गए। स्टील प्लेटों एवं कपड़े के थैलो को बांटने का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना है। इसके पश्चात सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी एवं फल वितरण किया गया। श्रीमती चेतना जोशी अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने सुनियोजित और टीम भावना से किए गए कार्यो की प्रशंसा की।

## रेल कर्मचारियों को प्रदान किए गये संरक्षा पुरस्कार



दिनांक 25.03.2025 को दिसम्बर 2024 माह एवं जनवरी 2025 के लिए महाप्रबन्धक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्री जे.सी.एस. बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित कुल 23 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री राजेन्द्र कुमार गौतम, वरिष्ठ ट्रेन मैनेजर माह दिसम्बर, 2024 तथा श्रीमती रन्नो देवी, प्वाइण्टसमैन माह जनवरी 2025 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी बने।

# प्रयागराज मण्डल

## सदस्य (अवसंरचना) द्वारा महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का अवलोकन



दिनांक 06.02.2025 को सदस्य (अवसंरचना), रेलवे बोर्ड, श्री नवीन गुलाटी ने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयागराज जंक्शन पर प्लेटफार्म, कंट्रोल टावर, यात्री आश्रय एवं मेडिकल ऑब्ज़रवेशन रूम का निरीक्षण किया। इसी क्रम में सदस्य (अवसंरचना), रेलवे बोर्ड ने महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेंद्र चंद्र जोशी से भी मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित



दिनांक 08.03.2025 को मण्डल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। ध्यातव्य है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के विश्वस्तरीय आयोजन में महिला कर्मचारियों ने अहम भूमिका अदा की जिसकी प्रशंसा माननीय केंद्रीय रेल मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा भी की गयी। प्रयागराज स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों को पुष्प देकर सम्मानित किया गया एवं उनके सराहनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया।

## सेवन ए साइड मास्टर्स फुटबाल प्रतियोगिता संपन्न



अखिल भारतीय मास्टर वेटरन फुटबाल प्रतियोगिता में खेले गए कुल 7 लीग मैच में उत्तराखंड मास्टर्स एवं उत्तर मध्य रेलवे ने फाइनल में प्रवेश किया। इसी क्रम में दिनांक 09 मार्च को खेले गए फाइनल मैच में उत्तराखंड मास्टर्स उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज को 2/1 से हरा कर इस प्रतियोगिता की विजयी टीम बनी। समापन पर श्री हिमांशु बडोनी, मंडल रेल प्रबंधक, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं आयोजकों और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## प्रयागराज मंडल के कार्यालय को शून्य प्लस प्रमाण-पत्र



दिनांक 13 फरवरी, 2025 को मण्डल के 05 कार्यालय भवनों- इलेक्ट्रिक लोको शेड, कानपुर में इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन डिपो, टाइम आफिस स्टोर डिपो, सब स्टेशन, प्लानिंग प्रोग्रेस आफिस एवं अलीगढ़ के पार्सल आफिस सहित कुल 05 भवनों को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा प्रतिष्ठित 'शून्य प्लस' प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह ऊर्जा प्रमाणपत्र तीन वर्षों के लिए वैध है।

## मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज द्वारा नैनी जंक्शन, करछना, प्रयागराज छिवकी एवं जसरा स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 21.03.2025 को मण्डल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने नैनी, करछना, प्रयागराज छिवकी एवं जसरा स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान यात्री सुविधाओं को और अधिक उन्नत करने पर उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की। मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज ने निरीक्षण के अगले क्रम में प्रयागराज मण्डल में माल लदान को विस्तारित करने के लिए जसरा स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

## मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट द्वारा कानपुर सेंट्रल का निरीक्षण



दिनांक 24.03.2025 को मुख्य वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट मार्केटिंग श्रीमती अनुमणि त्रिपाठी ने कानपुर सेंट्रल पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए खानपान स्टालों, पार्किंग तथा यात्री प्रतीक्षालय, डोरमेट्री, जन सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## महाकुंभ - 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित



दिनांक 27.03.2025 को प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, श्री हिमांशु शुक्ला ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 में सेवा प्रदान करने वाले 83 कर्मचारियों को मण्डल कार्यालय में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। यह प्रशस्ति पत्र महाकुंभ - 2025 के दौरान सेवा प्रदान करने वाले वाणिज्य विभाग के सभी 3300 कर्मचारियों को दिया गया।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



दिनांक 28.03.2025 को मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। श्री हिमांशु बडोनी ने बैठक में उपस्थित सभी शाखा प्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की राजभाषा नीतियों का अनुपालन कराना हमारा संवैधानिक दायित्व है। यद्यपि हमारे मंडल में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग हो रहा है फिर भी सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरी तरह से हासिल करने के लिए हमें और प्रयास करने की आवश्यकता है।

# झाँसी मण्डल

## रेलवे परियोजनाओं के बजट आवंटन पर प्रेस वार्ता



दिनांक 03.02.2025 को पारित बजट के मद्देनजर माननीय केंद्रीय रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के विभिन्न परियोजनाओं हेतु आवंटित बजट हिस्सेदारी पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि इस साल के रेलवे बजट का कुल उत्तर प्रदेश रेलवे के लिए ₹19,858 करोड़ और मध्य प्रदेश को ₹14,745 करोड़ का आवंटन किया गया है। इसके उपरांत आवंटित बजट पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने स्थानीय प्रेस वार्ता में विस्तृत जानकारी दी।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 10.02.2025 को महाकुंभ के दृष्टिगत वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों के निर्बाध मूवमेंट के दृष्टिगत प्रवेश/निकास पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की परख की।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा ग्वालियर स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 20.02.2025 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा ग्वालियर स्टेशन का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य/अवसंरचनात्मक कार्यों, निर्माण/सुन्दरीकरण कार्य की प्रगति को परखा, और निर्माण ठेका कंपनी से कार्य समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मंडल के अधिकारी, निरीक्षक व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में नए भवन का भूमिपूजन



दिनांक 27.02.2025 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में प्रोजेक्ट यूनिट के विस्तार कार्यालय के लिए निर्मित होने जा रहे भवन का मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा भूमि पूजन किया गया। उक्त भवन में ही कर्मचारियों के लिए कवच प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित किया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रोजेक्ट यूनिट के निर्माण कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि इस कार्य को तय समय में पूरा कर लिया जाये।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर दिनांक 6 से 8 मार्च 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कैरम, बैडमिंटन, मेहंदी प्रतियोगिता, सीधी दौड़, कुर्सी दौड़ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही डॉक्टर सुनीता तिग्गा द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इसी क्रम में दिनांक 8 मार्च 2025 को मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्वेता सिन्हा अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## महाप्रबंधक द्वारा मंडल में विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण



दिनांक 10.03.2025 को महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन तथा संयुक्त क्रू लॉबी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर जा रहे लोको पायलट और गार्ड से आवश्यक सुधारों से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया। इसके पश्चात स्टेशन के वीआईपी लाउंज में पुनर्विकास कार्यों से संबंधित लेआउट प्लान का अवलोकन किया एवं स्टेशन पुनर्विकास पर गहन चर्चा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने झाँसी मंडल कार्यालय में नवविकसित तथा विस्तारित सभागार का उद्घाटन भी किया।

## महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन पर रेलवे कर्मियों का सम्मान



दिनांक 12.03.2025 को झाँसी मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा प्रयागराज महाकुंभ 2025 के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे की भूमिका महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन में अत्यंत महत्वपूर्ण रही और यह सफलता सभी विभागों के सामूहिक प्रयासों से संभव हुई।

## रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा नव निर्मित ब्रॉड गेज लाइन का निरीक्षण

दिनांक 22.03.2025 को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर क्षेत्र श्री प्रणजीव सक्सेना द्वारा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री विपिन कुमार तथा मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा की उपस्थिति में कैलारस से सबलगढ़ तक रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त रेल खंड के अंतर्गत आने वाले ट्रैक्शन, सिग्नल, ट्रैक, ट्रैक-पॉइंट्स आदि सभी इंस्टालेशन तथा उनकी कार्य क्षमता का गहनता से निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में उहोंने नवनिर्मित सबलगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर पैनल और रिले रूम का भी निरीक्षण किया।



"मनुष्य को स्वयं पर अधिकार रखना चहिये" - अज्ञात

## बजट आवंटन पर प्रेस वार्ता आयोजित




दिनांक 03.02.2025 को मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में बजट पर प्रेस मीटिंग का आयोजन किया गया, बजट में उत्तर प्रदेश रेलवे के लिए 19858 करोड़ मौद्रिक राशि आवंटित हुई। केंद्रीय रेलवे मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश रेलवे को शीघ्र सुरक्षा के नए तकनीक 'कवच प्रणाली' से युक्त कर दिया जाएगा।

## भंडार विभाग द्वारा राजभाषा प्रदर्शनी का आयोजन

दिनांक 20.02.2025 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में भंडार विभाग द्वारा राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में भंडार विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया। राजभाषा प्रदर्शनी का अवलोकन राजभाषा अधिकारी एवं दूर संचार इंजीनियर श्री अनिल सिंह पटेल एवं वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, श्री विवेक दिवाकर द्वारा किया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा फतेहपुर सीकरी स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 06.03.2025 को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने फतेहपुर सीकरी स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान श्री अग्रवाल द्वारा फतेहपुर सीकरी स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे शेष कार्यों का सघन निरीक्षण किया गया और शेष कार्यों को शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने चल रहे कार्यों के बारे में सभी शाखाधिकारियों से चर्चा करते हुए समीक्षा की। इसके उपरांत फतेहपुर सीकरी-आगरा कैंट के मध्य विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक के साथ मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएसयू), मंडल परिचालन प्रबंधक कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव व अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## यांत्रिक विभाग द्वारा हिंदी राजभाषा प्रदर्शनी का आयोजन



दिनांक 07.03.2025 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय आगरा के गोवर्धन सभा कक्ष में यांत्रिक विभाग द्वारा हिंदी में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्य की राजभाषा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, श्री प्रणव कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राजभाषा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिसमें यांत्रिक विभाग द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्य का अवलोकन किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा हिंदी किये जा रहे कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर, किये जाने वाले कार्य की सराहना की।

## महिला दिवस पर वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



पुणे की एडवाइजर ऑर्गेनाईजेशन की स्वाति काडू एवं श्रुति गुप्ता के सहयोग से मंडल कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों की वित्तीय शिक्षा एवं जागरुकता के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्रीमती तनुजा प्रसाद एवं मंडल परिचालन प्रबन्धक सुश्री प्रशस्ति श्रीवास्तव के द्वारा एडवाइजर ऑर्गेनाइजेशन टीम को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर मंडल की महिला कर्मचारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण केन्द्र का उद्घाटन



दिनांक 19 मार्च 2025 को मण्डल में कर्मचारी कल्याण निधि से महिला कर्मचारियों को एचआरएमएस के विभिन्न पोर्टल पर कार्य दक्षता तथा कार्यालय कार्य हेतु वर्ड, एक्सल एव पॉवर पॉइंट पर कार्य दक्षता हेतु प्रशिक्षण के लिए 'महिला सशक्तिकरण केन्द्र' का महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती रितु अग्रवाल द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अन्य सदस्या तथा मण्डल कार्यालय की सभी महिला रेल कर्मचारी उपस्थित रही।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा विद्युत लोको ट्रिप शेड निजामुद्दीन का निरीक्षण




दिनांक 22.03.2025 को विद्युत लोको ट्रिप शेड निजामुद्दीन का मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। निजामुद्दीन ट्रिप शेड में रेलवे विद्युत इंजन का अनुरक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शेड की कार्यकुशलता बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस दौरान मंडल के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मंडल स्टोर डिपो (डीएसडी) का उद्घाटन



दिनांक 25.03.2025 को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा मंडल स्टोर डिपो का उद्घाटन किया गया। मंडल स्टोर डिपो की स्थापना से आगरा मंडल अब झाँसी मंडल पर निर्भर नहीं रहेगा और सभी आवश्यक सामग्री स्थानीय स्तर पर स्टॉक की जा सकेगी। उद्घाटन के अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक श्री प्रणव कुमार, वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक श्री विवेक दिवाकर, मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रंगारंग चित्र दीर्घा





संरक्षक
**श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी**
महाप्रबंधक

मुख्य संपादक
**श्री जे.एस. लाकरा**
अपर महाप्रबंधक

कार्यकारी संपादक
**श्री शशिकान्त त्रिपाठी**
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सहायक संपादक
डॉ. अमित मालवीय, कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव, श्री अमित कुमार सिंह, श्री मनीष कुमार सिंह, श्री मनोज कुमार सिंह एवं श्रीमती रागिनी सिंह

उप सम्पादक
श्री पूरन मल मीना, श्री मोहन लाल मीना, श्री प्रमोद कुमार मिश्रा एवं श्री अनुज कुमार राजपूत

जनसंपर्क विभाग, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रकाशित




*''मनुष्य को स्वयं पर अधिकार रखना चाहिए'' - अज्ञात*